# National Youth Day.

12.01.2023

आज दिनांक 12.01.2023 को महाविद्यालय में "राष्ट्रीय युवा-दिवस" मनाया गया। उल्लेखनीय है कि स्वामी विवेकानन्द की जयंती को युवा-दिवस के रूप में मनाने की परंपरा है।

उक्त अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने बारी-बारी अपने विचार रखें। कार्यक्रम की शुरुआत में वरीय शिक्षक डा. आनन्दी कुमार ने विवेकानन्द के जीवन पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। तद् पश्चात डा० मुरलीधर सिंह ने अपने वक्तव्य में विवेकानन्द के जीवन को आदर्श रूप में रखते हुए यह अपील किया कि आनेवाले युवा को विवेकानन्द के विचारों को आत्मसात् करने पर बल देना चाहिए।

डॉ. अभिमन्यु कुमार ने वैश्विक परिवेश में विवेकानन्द के विचारों को रखने-देखने की बात करते हुए नये भारत में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम का संचालन प्रो॰ प्रमोद यादव ने किया, जबकि धन्यवाद-ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयंसेवक आनंद कुमार ने किया।

## National Youth Week
### 12-19 January

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर आयोजित कार्यक्रम में यह निर्णय किया गया कि विवेकानन्द के जीवन-दर्शन को एक दिन की सभा में सम्पूर्णता से समझ पाना मुश्किल कार्य है। साथ ही उनके आदर्शों को समाज में ले जाने की चुनौती भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। अतः यह निर्णय किया गया कि "राष्ट्रीय युवा-सप्ताह" का आयोजन महाविद्यालय की एन० एस० एस० इकाई द्वारा किया जाय। प्राचार्य महोदय की स्वीकृति के बाद यह तय हुआ कि सात-दिनों के इस आयोजन में अलग-अलग तरीकों को अपनाकर युवाओं में प्रेरणा और गौरव का भाव भरा जाए। अतएव दिनांक 13.01.2023 को विवेकानन्द द्वारा शिकागो में दिए गए व्याख्यान के विभिन्न पहलुओं पर विमर्श किया गया। दिनांक 14.01.2023 को रामकृष्ण-मिशन की स्थापना उसके उद्देश्य एवम् उसकी उपादेयता पर बात की गयी। दिनांक 15.01.2023 को युवाओं में शारीरिक बल, मानसिक संतुष्टि और ब्रह्मचर्य पर वाद-विवाद का आयोजन किया गया। 16.01.2023 को एन. एस. एस. द्वारा गोद लिए गए गाँव-खुशहाल टोला में साफ-सफाई का कार्यक्रम चलाया गया।

प्रमोद
12.01.
P.O., N.S.S.
B.N.M. College, Barhiya

Teacher's Signature ........ Principal
B.N.M. College, Barhiya

दिनांक 17.01.2023 को पौधारोपण एवम् पर्यावरण-संरक्षण पर विचार-विमर्श करते हुए राष्ट्र-निर्माण में युवाओं की महती भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

दिनांक 18.01.2023 एवम् 19.01.23 को विवेकानन्द के जीवन से जुड़ी जानकारियों पर आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया। एक सप्ताह तक चले इस कार्यक्रम में जो बातें अभी तक स्पष्ट नहीं हो पायी थीं उन पर बात करना और उन्हें Volonteers तक पहुँचाना आवश्यक था, सो प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम इस आवश्यकता की पूर्ति में बहुत ही सहायक सिद्ध हुआ।

इस प्रकार National Youth Week के आयोजन से Volenteers में एक नयी चेतना का संचार हुआ और वे सामाजिक कार्यों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों से रू-ब-रू हो पाए।

Racha kamri — Rachna kumari
Pavm kumr — Pawan Kumar
Pratima kumi — Pratima kumari
Deven dhe — Devendra
Akhilesh — Akhilesh
प्रतिभा कुमारी — प्रतिभा कुमारी

Teacher's Signature पल्लव कुमार

| | |
|---|---|
| palak kumari | Palak Kumari |
| Akhilesh kuma | अखिलेश कुमार |
| Asshu, tosh kuma | Ashutosh Kumar |
| penedrne kumar | Devendra Kumar |
| shinam kumr | Shivam Kumar |
| Sumit kumar | Sumit Kumar |
| Golu kumar | गोलू कुमार |
| Akhilesh kumar | अखिलेश कुमार |
| Shivam kumar | शिवम् कुमार |
| Subhm kumar | शुभम् कुमार |
| Abhinav kumar | Abhinav Kumar |
| Pushshpam priya | Pushpam Priya |
| Maskan | Muskan |
| Rachna Raj | Rachna Raj |

प्रोग्राम पदा.
P.O., N.SS. 12.01.2023
B.N.M. College, Barhiya

Principal
B.N.M. College, Barhiya

Teacher's Signature ..........................